हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 1 जुलाई 2026

13 मुख्य मार्गों पर अवैध कटों को तुरंत करें बंद : एडीसी...


14 लघु सचिवालय परिसर के बाहर भूख हड़ताल...


### 25 दिन से गांव में पेयजल सप्लाई नहीं आई : सरपंच

# गुस्साए ग्रामीणों ने तोशाम हांसी मार्ग पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

पेयजल समस्या को लेकर गांव किरावड़, अलखपुरा के गुस्साए ग्रामीणों ने मंगलवार को तोशाम-हांसी मार्ग अवरुद्ध कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने नारेबाजी की। करीबन तीन घंटे बाद सिंचाई विभाग के एसडीओ द्वारा समस्या के समाधान का आश्वासन दिए जाने पर ग्रामीण शांत हुए और मार्ग खोला। जाम सुबह साढ़े 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो वे फिर से सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

करीबन एक माह से पेयजल संकट से जूझ रहे अलखपुरा के ग्रामीणों का मंगलवार को सब्र का बांध टूट गया। गुस्साए ग्रामीण तोशाम-हांसी मार्ग पर आ गए। मार्ग पर मटके फोड़कर ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए करीबन साढ़े 11 बजे मार्ग को अवरूद्ध कर दिया। जाम लगाए जाने की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन व सिंचाई विभाग के एसडीओ राकेश कुमार मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने लोगों को समझा कर जाम हटाने का प्रयास किया,लेकिन प्रदर्शनकारी मौके पर सिंचाई विभाग के आला अधिकारियों के आने की मांग पर अड़ गए। बाद में सिंचाई विभाग के एसडीओ राकेश मौके पर पहुंचे और उन्होंने जल्द ही नहर की सफाई करवाकर अतिशीघ्र समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया। 2 बजे ग्रामीणों को मनाया गया और जाम खोल दिया गया। इस दौरान राहगीरों को काफी परेशानी रही और वाहनों की लंबी लाइन लग गई। इस दौरान लोगों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे फिर से सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। राहुल ने बताया कि सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में पानी बह रहा है,लेकिन अभी तक भुरटाना माइनर में पानी नहीं पहुंच पाया है। जिस वजह से किरावड़ के अलावा अन्य गांवों के टैंक खाली पड़े है। पानी न पहुंचने से गांवों में पीने के पानी की भयंकर किल्लत बनी हुई है।



भिवानी। जाम के दौरान अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### अलखपुरा के जलघर के टैंक और जोहड़ भरे जाएंगे

सरपंच अभय सिंह ने बताया कि 25 दिन से गांव में पेयजल सप्लाई नहीं आई है। उन्होंने बताया कि विभाग ने नहर की सफाई करवाकर अतिशीघ्र समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। सिंचाई विभाग के एसडीओ राकेश ने बताया कि जल्द ही अलखपुरा के जलघर के टैंक व जोहड़ भरे जाएंगे। माइनरों की सफाई न होने की वजह से पानी आगे बढ़ने की समस्या बनी है। सिंचाई विभाग के एसडीओ ने जल्द ही माइनर की सफाई करवाने का आश्वासन दिया है।



भिवानी। पीने के पानी की मांग को लेकर जाम लगाते गांव के लोग। फोटो : हरिभूमि

## पानी की मांग को लेकर बामला के लोगों ने रोका दिल्ली-भिवानी रोड

**भिवानी।** पीने के पानी की मांग को लेकर मंगलवार को गांव बामला के लोगों ने दिल्ली-भिवानी मार्ग पर जाम लगा दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में पब्लिक हेल्थ विभाग के कार्यकारी अभियंता मौके पर पहुंचे और लोगों को जल्द पेयजल सप्लाई दुरुस्त करवाए जाने का भरोसा दिलाया। तब जाकर प्रदर्शनकारी शांत हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो वे फिर से सडकों पर उतरने को मजबूर होंगे। पीने के पानी की मांग को लेकर गांव बामला के लोग सुबह 11 बजे दिल्ली-भिवानी मार्ग पर उतर आए। लोगों ने लकड़ी व पत्थर डालकर वाहनों को रोकना आरंभ कर दिया। जाम लगने के कुछ देर बाद खरक पुलिस चौकी इंचार्ज अपनी टीम के साथ पहुंच गए। उन्होंने लोगों से जाम हटाने के लिए कहा,लेकिन प्रदर्शनकारी मौके पर पब्लिक हेल्थ विभाग के अधीक्षण अभियंता के आने की बात पर अड़ गए।

### समाधान का दिलाया भरोसा

जाम की सूचना मिलने के कुछ देर बाद सदर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी जाम खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी पुरानी बात पर अड़े रहे। थाना प्रभारी ने पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने जल्द ही पेयजल समस्या का समाधान करवाए जाने का भरोसा दिलाया। प्रदर्शनकारियों ने बताय कि उनके गांव में पीने के पानी का घोर संकट बना हुआ है। पानी की सप्लाई नहीं आ रही है। कुंओ का पानी पूरी तरह से खराब हो चुका है। वे अब पीने का पानी खरीद कर पी रहे है।

## पहाड़ी मंदिर चोरी मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार


**लोहारू।** पुलिस ने माता पहाड़ी मंदिर से नगदी और आभूषण चोरी के मामले में आरोपी आशीष निवासी पहाड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंदिर प्रबंधक नरेश की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान आरोपी के घर से 100 ग्राम का सोने का बिस्किट, दो सोने के कड़े तथा चांदी के कई बर्तन बरामद हुए। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में आरोपी के कब्जे से दो लाख रुपये और पांच चांदी के बर्तन बरामद किए हैं।

## मजदूर 15 को करेंगे मंत्री श्रुति चौधरी के आवास का घेराव

**भिवानी।** संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा की बैठक इंटक कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में 15 जुलाई को सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के आवास के घेराव की तैयारियों की समीक्षा की गई। नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने 95 प्रतिशत निर्माण मजदूरों के पंजीकरण रद्द कर उन्हें योजनाओं और सुविधाओं से वंचित कर दिया है। उनका कहना था कि आंदोलन के दबाव में पोर्टल तो खोला गया, लेकिन मजदूरों को अब भी लाभ नहीं मिल रहा।





# इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़ से गूंजा कोर्ट रूम, अक्षय ने उड़ाए होश

**मुंबई।** फाइनली सनी देओल और अक्षय खन्ना की मच अवेटेड फिल्म 'इक्का' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस और ट्विस्ट होंगे, जिनकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। अक्षय खन्ना का लुक और अंदाज एकदम 'धुरंधर' के रहमान डकैत की याद दिला रहा है, पर उनके किरदार में कई लेयर्स हैं। 'इक्का' से सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें वकील अर्जुन मेहरा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर की शुरुआत कोर्ट रूम सीन से होती है, जहां सनी देओल पूछते हैं- आप कोर्ट को बताएंगे कि उस रात क्या हुआ था? फिर अक्षय खन्ना की एंट्री होती है, जो मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हर्षवर्धन गौर के बेटे शौर्यमान के किरदार में हैं। उन पर एक लड़की की हत्या की कोशिश का आरोप लगता है।

लाइफ Style

# निहारिका

## प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आईं नजर



एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता राघव जुयाल ने निहारिका एनएम के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं, इसके बाद से ही इनके लिंकअप की अफवाहें उड़ने लगीं। लेकिन, अब इन अफवाहों पर विराम भी लग चुका है। दोनों के बीच कोई अफेयर नहीं है।

यह एक फिल्म 'भाई तेरा स्टार है'में साथ नजर आएंगे। इसके लिए ही रोमांटिक तस्वीरों को साझा किया था। लेकिन, इस चर्चा के बीच फैंस जानना चाहते हैं कि निहारिका एनएम कौन हैं? निहारिका एनएम एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, बाकी प्लेटफॉर्म भी इतने ही लोग उन्हें फॉलो करते हैं। वह सोशल मीडिया पर फिल्मी और फनी किस्म के वीडियो बनाती हैं। अपनी जबरदस्त सोशल मीडिया फॉलोइंग की वजह से वह बॉलीवुड स्टार्स के साथ भी नजर आ चुकी हैं। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर, महेश बाबू, यश, शुभमन गिल जैसे कई सेलेब्स उनके साथ वीडियो में नजर आ चुके हैं, अपनी फिल्मों का प्रचार कर चुके हैं। साथ ही वह हॉलीवुड स्टार्स के इंटरव्यू भी कर चुकी हैं। इसमें टॉम क्रूज से लेकर जॉन लीजेंड जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। जल्द ही निहारिका एनएम राघव जुयाल के साथ फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले ही वह साउथ सिनेमा में डेब्यू कर चुकी हैं। पिछले साल एक फिल्म 'मित्र मंडली' में वह नजर आईं। इसमें उनका लीड रोल था।निहारिका ने अपने नाम कई अवॉर्ड्स भी किए, जो उन्हें कंटेंट क्रिएशन के लिए मिले हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# एवरेस्ट विजेता नोर्गे पर बनेगी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।




# यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी हुए ओ योंग-सु

**लॉस एंजिल्स।** वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' में ओल्ड मैन और प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओ योंग-सु पर साल 2022 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस मामले पर दक्षिण कोरिया की सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अभिनेता पर चल रहे मुकदमे का तीन साल बाद अंत कर दिया गया। कोर्ट ने निचली अदालत में ओ योंग-सु को बरी करने के फैसले को सही ठहराया है। 82 वर्षीय एक्टर पर 2017 में एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत के अनुसार एक्टर ओ योंग-सु ने एक रीजनल थिएटर टूर के दौरान बिना उनकी इजाजत लिए उन्हें गले लगाया। महिला का कहना था कि एक्टर यहीं नहीं रुके और उन्होंने महिला के गाल पर किस भी किया था।



# फिल्म रिफ्यूजी की मनाई 26वीं सालगिरह


**मुंबई।** करीना कपूर ने मंगलवार को अपनी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 26 साल पूरे होना का जश्न मनाया। इस खुशी में करीना ने सोशल मीडिया पर अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए करीना ने फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी तीन तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपने हीरो अभिषेक बच्चन के साथ गले मिलती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में उनका एक क्लोज-अप शॉट है, जिसमें उन्होंने भूरे रंग की शॉल ओढ़ी हुई है। इसके अलावा तीसरी तस्वीर में करीना एक काले रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं। करीना ने इन तस्वीरों के साथ कोई लंबा मैसेज नहीं लिखा, बल्कि सिर्फ एक लाल दिल वाला इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया है। फिल्म 'रिफ्यूजी' 30 जून 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



# एलवीसी63 में कई तरह के लुक्स में दिखेंगे

**मुंबई।** फिल्म 'एसवीसी63' में मशहूर मेकअप और प्रोस्थेटिक डिजाइनर प्रीतिशील सिंह को सलमान खान के लिए एक खास लुक तैयार करने के लिए चुना गया है। यह फिल्म वामसी पैदिपल्ली के निर्देशन और दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही है। दिल राजू ने बताया कि सलमान फिल्म की शूटिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में सुपरस्टार कई तरह के लुक्स में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'सलमान सेट पर खूब मजा कर रहे हैं, उनके कई अलग-अलग लुक्स होंगे। फिल्म में भरपूर हीरोइज्म और 'वाउ फैक्टर' होगा।' 'धुरंधर' फिल्म के एक्शन स्टार इस फिल्म में भी काम कर रहे हैं। कोरियन एक्शन टीम को 'मिस्टर ओह' के नाम से मशहूर सी यंग ओह लीड कर रहे हैं। उन्होंने 'धुरंधर' और 'किल एंड वॉर' जैसी फिल्मों पर काम किया है।

## टीवी मसाला



# अब होगा हिसाब सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'अब होगा हिसाब' सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही दूसरे सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। 18 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई 'अब होगा हिसाब' ने दर्शकों के बीच अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के कारण खास जगह बनाई। दर्शकों के जबरदस्त प्यार को देखते हुए अब इस सीरीज के दूसरा सीजन का ऐलान कर दिया गया है। 'अब होगा हिसाब' का दूसरा सीजन 3 जुलाई को प्रीमियर किया जाएगा। संजय कपूर और शहीर शेख के अलावा 'अब होगा हिसाब सीजन 2' में मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, निमृत कौर अहलूवालिया, हरमन सिंघा और आशीमा वर्धान जैसे शानदार कलाकार हैं। 'अब होगा हिसाब 2' की कहानी की गहराई, बढ़ता हुआ रोमांच और कई ऐसे चौंकाने वाले मोड़ देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे। 'अब होगा हिसाब' के दूसरे सीजन का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है, जहां पहला सीजन खत्म हुआ था। शहीर शेख द्वारा निभाया गया बॉबी का किरदार अब सिर्फ एक ही मकसद में लगा हुआ है, अपने भाई बंटी को ढूंढना और सच्चाई सामने लाना। इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उसकी तलाश उसे संजय कपूर द्वारा निभाए गए गोल्डी के किककी दुनिया तक ले जाती है, जो सबसे प्रभावशाली और सतर्क लोगों में से एक है। लेकिन गोल्डी तक पहुंचना इतना आसान नहीं है।

## माइकल की बायोपिक ओटीटी पर रिलीज

**मुंबई।** थिएटर में जबरदस्त कामयाबी के बाद, माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' अब ओटीटी पर आ गई है। यह इस साल की सबसे बड़ी ग्लोबल हिट फिल्मों में से एक रही। अगर आपने यह फिल्म नहीं देखी है, तो आसानी से घर बैठकर देख सकते हैं। इस बायोपिक से आपको माइकल जैक्सन की जिंदगी को और करीब से जानने का मौका मिलेगा। 'माइकल' को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। इंग्लिश के अलावा हिंदी में भी देख सकते हैं।



इस फिल्म में माइकल जैक्सन का किरदार उनके भतीजे जाफर ने निभाया है। लुक्स और हाव-भाव में वह बिल्कुल चाचा माइकल जैक्सन जैसे लगते हैं। 'माइकल' की कमाई की बात करें , तो यह दुनियाभर में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बायोपिक बन गई है। इसने दुनिया भर में $977 मिलियन की कमाई यानी ₹9,050.23 करोड़ कमाए हैं।

# उन्हें इसमें दिलचस्पी थी कि गाएगी- नाचेगी

## बारिश में भीगेगी, अपनी बोल्ड इमेज पर जीनत ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** जीनत अमान ने अपनी बोल्ड इमेज पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्ममेकर्स उनके क्रिएटिव इनपुट के बजाय उनके लुक्स में ज्यादा दिलचस्पी रखते थे। जीनत ने अपने यूट्यूब चैनल पर शुभ्रा अयप्पा के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि मेरे बारे में जो दिखाया जाता था और मैं असल में जैसी थी, उन दोनों में बहुत फर्क था। बोल्ड अभिनेत्री का ठप्पा मुझ पर बहुत लंबे समय तक लगा रहा। जब लोग मुझसे मिलते थे, तो उन्हें एहसास होता था कि मैं असल में उन किरदारों जैसी बिल्कुल नहीं थी जिन्हें मैंने निभाया था।

*ग्लोबल ट्रेंड्स ने स्टाइल पर असर डाला :* जीनत ने अपने फैशन सेंस और इस बारे में भी बात की कि कैसे अमेरिका से भारत लौटने के बाद ग्लोबल ट्रेंड्स ने उनके स्टाइल पर असर डाला। उन्होंने कहा कि कॉस्ट्यूम डिजाइन का काम अक्सर भानु अथैया जैसे मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर किया जाता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि अक्सर उनके अपने सुझाव फिल्ममेकर्स की चाहत के मुकाबले ज्यादा संयमित होते थे। जीनत अमान ने इंडस्ट्री में असमान वेतन के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि इस अंतर की वजह पितृसत्तात्मक व्यवस्था में छिपी है।



### लीड एक्ट्रेस थी, पर मेरी नहीं चलती थी

जीनत अमान ने दौर में इंडस्ट्री में काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर ज्यादातर पुरुषों का ही बोलबाला होता था। अपने हेयरड्रेसर के अलावा, अक्सर वही एकमात्र महिला होती थीं। लीड एक्ट्रेस होने के बावजूद उन्होंने कहा कि अपने किरदारों को गढ़ने या उन्हें दिखाने के तरीके में उनकी बहुत कम चलती थी, क्योंकि ध्यान ज्यादातर उनके लुक पर ही रहता था। जीनत अमान के मुताबिक, किसी को भी मेरे दिमागी काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्हें तो बस इसमें दिलचस्पी थी कि ये गाएगी,, नाचेगी, दो डायलॉग बोलेगी, बारिश में भीगेगी।

# खुशी से झूमीं कंगना पूरी की क्वीन-2 की शूटिंग



मुंबई। कंगना रनौत अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। इस बीच उनकी अपकमिंग फिल्म 'क्वीन 2' को लेकर नई अपडेट आई है। खबर है कि कंगना ने अपनी मशहूर फिल्म 'क्वीन' के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'क्वीन 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर-फिल्ममेकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कास्ट और क्रू के साथ शूटिंग खत्म होने का जश्न मनाते हुए एक फोटो शेयर की। फोटो में रनौत को फिल्म की टीम के साथ देखा गया। शूटिंग पूरी होने के साथ ही, यह प्रोजेक्ट अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। 'क्वीन 2' में कंगना रनौत के मशहूर किरदार 'रानी' की वापसी हो रही है। दर्शकों ने फिल्म 'क्वीन' को काफी प्यार दिया था। 2014 में रिलीज हुई ओरिजिनल 'क्वीन' का निर्देशन विकास बहल ने किया था और इसे समीक्षकों से खूब तारीफ मिली थी। फिल्म में कंगना रनौत ने रानी मेहरा का किरदार निभाया था। रानी दिल्ली की एक ऐसी लड़की थी, जिसे हमेशा घर की चारदीवारी में रखा गया था। जब उसका मंगेतर (राजकुमार राव) शादी तोड़ देता है, तो वह अकेले ही हनीमून पर निकल पड़ती है। यूरोप की अपनी यात्रा के दौरान, रानी का आत्मविश्वास बढ़ता है, वह आजादी को अपनाती है।

## किशोर कुमार ने लगाई थी गजब ट्रिक, आज भी है हिट

# 54 साल पुराना गीत, जिसे खाली चाय के कप के साथ किया रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। किशोर कुमार भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के एक ऐसे कोहिनूर रहे, जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ेगी। वह सुरों के ऐसे बादशाह रहे, जिन्होंने तरानों में योडलिंग को एक रूप में पेश किया और महारात हासिल की। उन्होंने हजारों सुपरहिट गाने दिए और अपनी जादुई आवाज से कई एक्टर्स को सुपरस्टार बनाया। किशोर कुमार का गाना गाने और रिकॉर्ड करने का स्टाइल भी एकदम अलहदा था। उनका मानना था कि गाने सिर्फ गाए नहीं जाते, बल्कि उन्हें जीया जाता है। तभी तो कभी वह किसी गाने को खाली चाय के कप के साथ गाते, तो किसी गाने को नाक के पास माचिस की डिब्बी रखकर। लेकिन यहां 'संडे सिनेमा' में आपको एक ऐसे गाने के बारे में बता रहे हैं, जिसे किशोर कुमार ने ठोड़ी पर दोनों हाथ रखे और सामने चाय का खाली कप रखकर गाया था। गाना इतना ब्लॉकबस्टर बना कि 54 साल बाद भी यह कानों में मिश्री घोल देता है और खूब हिट है। बात साल 1972 की है। तब बासु चटर्जी 'पिया का घर' नाम से एक फिल्म बना रहे थे। इस फिल्म का म्यूजिक लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया था और आनंद बख्शी ने गानों के लिरिक्स लिखे थे। वैसे तो किशोर कुमार को इस फिल्म में दो गाने गाने थे। ये गाने थे- ये जीवन है, इस जीवन का, और दूसरा था-बंबई शहर की चल तुझको सैर करा दूं।*

### 'ये जीवन है, इस जीवन का' गाने की रिकॉर्डिंग

अब किशोर कुमार ने 'बंबई शहर की...' गाना तो आसानी से गाकर रिकॉर्ड कर दिया, पर जब 'ये जीवन है' गाने की बात आई, तो मामला पेचीदा हो गया। वो इसलिए क्योंकि किशोर कुमार ने यह गाना जितनी बार भी और जिस भी तरह से गाया, वह लक्ष्मीकांत को पसंद नहीं आया। उन्हें इस गाने के लिए जो फील चाहिए था, वो आ ही नहीं रहा था।

### बार-बार करते रहे रिहर्सल पर नहीं बनी बात

ऐसे में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने किशोर दा के साथ एक बार फिर बैठकर गाने की सिचुएशन को ठीक से समझने की कोशिश की। किशोर कुमार ने फिर तीन से चार बार गाने की रिहर्सल की, पर वो बात नहीं आई। किशोर दा कोशिश करते रहे, पर नाकामी मिलती रही। फिर थक-हारकर किशोर कुमार बैठ गए और एक कप चाय मंगवाई।



### गानों में लाए थे योडलिंग, क्या है ये?

योडलिंग एक तरह का सिंगिंग स्टाइल होता है, जिसमें सिंगर अपनी नॉर्मल आवाज यानी चेस्ट वॉइस और बहुत पतली या ऊंची आवाज के बीच बार-बार और तेजी से बदलाव करते हुए गाता है। किशोर कुमार ने धीरे-धीरे अपने कई गानों में योडलिंग करनी शुरू कर दी। ये गाने हैं, 'ये दिल ना होता बेचारा', 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' और 'चला जाता हूं।'

### दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिका पीने लगे चाय, तभी हुआ जादू

किशोर दा के साथ लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल भी चाय पीने बैठ गए और तभी जादू हो गया। किशोर कुमार ने अपने दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिकाया और चाय पीते हुए धीरे-धीरे 'ये जीवन है' गाना गुनगुनाने लगे। वो अपनी धुन में मस्त होकर गुनगुना रहे थे, पर तभी लक्ष्मीकांत खुशी से चिल्लाए कि बस बिल्कुल ऐसे ही, ऐसे ही गाना है। यही अंदाज चाहिए था। किशोर दा हैरानी से देखने लगे, पर उन्होंने गाना एक पल के लिए भी बंद नहीं किया। इसके बाद किशोर कुमार ने चाय की टेबल पर ही बैठे हुए, एक हाथ गाल पर रखे-रखे गाना पूरा किया और उसी चाय के कप के साथ सीधे रिकॉर्डिंग रूम में चले गए। हालांकि, तब तक चाय खत्म हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने फ्लो बनाए रखने के लिए खाली कप हाथ में पकड़े रखा। वह रिकॉर्डिंग रूम के अंदर गए। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के मेत पूरी म्यूजिक और रिकॉर्डिंग टीम फाइनल रिकॉर्डिंग के लिए तैयार हो गई। फिर किशोर कुमार ने कमाल कर दिया। जैसा सोचा था वैसा गाया और गाना जबरदस्त रिकॉर्ड हुआ।

## खबर संक्षेप

### भक्त पूर्णमल को देख श्रोता हुए भाव-विभोर

**भिवानी।** श्री गोपाल गोशाला रामपुरा में मंगलवार को संत गोवर्धन दास की उपस्थिति में भक्त पूर्णमल सांग का मंचन किया गया। सांगी विष्णुदत्त कौशिक ने कथा में बताया कि स्यालकोट के राजा सुलेभान राज करते थे। इच्छरादे और नूणादे नाम की दो रानियां थी। बड़ी रानी इच्छरादे की कोख से लड़के का जन्म हुआ। जिसका नाम पूर्णमल रखा गया। ब्राह्मणों ने पूर्णमल को जन्म के बाद 12 वर्षों तक भौंरे में रखने के लिए कहा। जब 12 साल बाद पूर्णमल भौंरे से बाहर आया तो राजा सुलेभान ने उसे मौसी नूणादे के दर्शन के लिए भेजा। नूणादे पूर्णमल को देख उस पर आशक्त हो जाती है।

### सीएम करेंगे अमृत सरोवरों का उद्घाटन

**भिवानी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक जुलाई को नारायणगढ़ में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में अमृत सरोवर प्लस योजना के तहत विकसित तालाबों का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करेंगे। भिवानी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास और सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी।

### आज से खुलेंगे विद्यालय अभिभावकों की बढ़ी चिंता

**बवानीखेड़ा।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 1 जुलाई से सरकारी और निजी विद्यालयों में नियमित कक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। हालांकि विद्यालय खुलने से पहले ही पड़ रही भीषण गर्मी और उमस ने अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। दिन के समय तेज धूप और उमस के कारण लोग बेहाल हैं। ऐसे मौसम में छोटे बच्चों का रोजाना स्कूल आना-जाना उनके स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन सकता है। मौसम में लगातार बढ़ी गर्मी के कारण सुबह के समय भी राहत नहीं मिल रही है।

### समीक्षा बैठक में दस मामलों पर विचार किया

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में दयालु-द्वितीय योजना की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डॉग बाइट के 10 मामलों पर विचार किया गया। एडीसी श्री करवा ने कहा कि दयालु-द्वितीय योजना के तहत बेसहारा पशु गाय, बैल, कुत्ते, नील गाय, भैंस आदि के काटने-चोट मारने से हुई आकस्मिक मृत्यु/ घायल होने/ दिव्यांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता प्रदान करना है।

### कार्यक्रम में किसानों को किया जागरूक

**चरखी दादरी।** राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत आज कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा उपमंडल बाढडा में एक दिवसीय किसान जागरूकता एवं तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप में शिरकत करते हुए प्रख्यात मृदा वैज्ञानिक डॉ. ममता फौगाट ने उपस्थित कृषकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी, सशक्त किसान और सुरक्षित भविष्य का नारा ही हमारी कृषि व्यवस्था का मूल मंत्र होना चाहिए।

### मुख्य मार्केट के दोनों ओर बनेंगे नाले

**बवानीखेड़ा।** शहर की मुख्य बाजार में बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या से जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है। शहर की मुख्य मार्केट के दोनों ओर नालों का निर्माण कराया जाएगा। लंबे समय से इस कार्य की मांग कर रहे दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात बताते हुए खुशी जताई है।

### जिले में प्रमुख उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध

**भिवानी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा खरीफ फसल सीजन के दौरान उर्वरक उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से व्यापक निगरानी एवं नियंत्रण व्यवस्था लागू की गई है। जिले में वर्तमान समय में यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी एवं अन्य प्रमुख उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

## एडीसी ने रोड सेफ्टी को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

# मुख्य मार्गों पर अवैध कटों को तुरंत करें बंद : एडीसी

**सड़कों के गड्ढे भरकर किनारे खड़ी झाड़ियों को साफ करें**

हरिभूमि न्यूज,भिवानी

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में रोड सेफ्टी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी ने नेशनल हाईवे, स्टेट हाइवे, लोक निर्माण विभाग, मार्केटिंग बोर्ड, पंचायती राज आदि सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभाग संबंधित सड़क मार्गों पर बने गड्ढों को शीघ्र दुरुस्त करवाना सुनिश्चित करने के साथ-साथ सड़क के किनारे खड़ी झांडियों को भी काटा जाए।

बैठक में एडीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हाईवे व अन्य मुख्य मार्गों पर अवैध कटों को बंद करना सुनिश्चित करें। उन्होंने एनएचए और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को संबंधित सडक़ पर बने गड्ढों को जल्द से जल्द दुरूस्त करवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम भिवानी, तोशाम, सिवानी व लोहारू को सम्बंधित क्षेत्र में संभावित दुर्घटना वाले स्पॉट चिन्हित कर हादसों को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में ज्यादातर बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चालक मौत का शिकार होते हैं। उन्होंने यातायात पुलिस को बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों व ओवर स्पीड वाहन चालकों के अधिक से अधिक चालान किए जाने के निर्देश दिए। एडीसी ने यातायात पुलिस व आरटीए को निर्देश दिए कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों का अधिक से अधिक चालान करें।



भिवानी। सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित मीटिंग में दिशा निर्देश देते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

*एडीसी ने रोड संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश*

*मई 2026 में जिले में 11 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 11 लोगों की मृत्यु हुई*

### स्कूली वाहनों की गहनता से जांच करें

एडीसी ने स्कूल वाहन पॉलिसी की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि स्कूली वाहनों की गहनता से जांच सुनिश्चित करें। स्कूल वाहनों में रोड नियमों की पालना होनी चाहिए। एडीसी ने कहा कि सुरक्षा के सभी जरूरी उपकरण होने चाहिए। वाहनों पर स्कूल से संबंधित संपर्क नंबर जरूर अंकित हो। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूल वाहनों के चालकों के वैध ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन फिटनेस तथा सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के 24 घंटे के भीतर किसी सरकारी अथवा आयुष्मान पैनल अस्पताल में भर्ती कराने पर अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है।

### सावधानी बोर्ड लगाएं

बैठक में नोडल अधिकारी डॉ मनीष श्योराण ने बताया कि मई 2026 में जिले में 11 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 11 लोगों की मृत्यु हुई। इस पर एडीसी ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर टी-प्वाइंट/मोड़ होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका है, वहां सावधानी बोर्ड लगाने, आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप्स तथा अन्य चेतावनी संकेतक स्थापित करें। बैठक में एसडीएम महेश कुमार, डीडीपीओ सोमबीर कादयान, डीएसपी अनूप कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया सहित संबंधित विभागों से अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



चरखी दादरी। समीक्षा बैठक में उपायुक्त व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## दूसरे चरण में जातिवार गणना भी होगी शामिल : उपायुक्त

- जनगणना 2027 के दूसरे चरण की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जनसंख्या निदेशालय द्वारा जनगणना 2027 के दूसरे चरण की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक वीसी से आयोजित की गई। उपायुक्त मनदीप कौर ने वीसी में जिला से संबंधित जानकारी साझा की। बैठक में फरवरी 2027 में शुरू होने वाली जनसंख्या गणना के सुचारू संचालन के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। अधिकारियों को सूचित किया गया कि यह देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी। गणना कार्य मोबाइल-आधारित एप्लिकेशन के माध्यम से किया जाएगा, जिससे डेटा की सटीकता और गति सुनिश्चित होगी। उपायुक्त ने बताया कि निदेशालय के निर्देशों के अनुसार इस बार दूसरे चरण में जातिवार गणना को भी शामिल किया गया है।

### सही जानकारी दें

अधिकारियों को स्पष्ट किया गया है कि इसके लिए निर्धारित प्रश्नावली का पालन सुनिश्चित किया जाए। गणना कार्य में लगे कर्मचारियों के प्रशिक्षण सत्रों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, 'जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली' पोर्टल के माध्यम से फील्ड स्तर पर वास्तविक समय में निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त बताया कि जनगणना के दौरान नागरिकों को स्वयं गणना करने का विकल्प भी उपलब्ध होगा। प्रशासन ने जनता से अपील की है कि वे गणनाकारों को सही जानकारी प्रदान करें, क्योंकि यह डेटा देश की आगामी सामाजिक-आर्थिक नीतियों के निर्धारण में आधार स्तंभ का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत एकत्र की गई प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जानकारी को पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा। किसी भी स्तर पर डेटा का दुरुपयोग संभव नहीं है। जनगणना 2027 का दूसरा चरण राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## खाद की किल्लत पर भड़के किसान

- 72 घंटे का अल्टीमेटम, तीन दिन में आपूर्ति नहीं हुई तो पैक्स केंद्रों का होगा घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

खरीफ सीजन के चरम पर डीएपी खाद की कमी को लेकर किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन की जिला स्तरीय बैठक सर छोटूराम किसान भवन में जिला अध्यक्ष हरपाल भांडवा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरकार और कृषि विभाग को 72 घंटे के भीतर डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि तय समय में समस्या का समाधान नहीं होने पर क्षेत्र के पैक्स केंद्रों का घेराव किया जाएगा।



बाढ़ड़ा। किसान भवन में बैठक के दौरान मौजूद भारतीय किसान यूनियन के सदस्य।

### खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही

बैठक में जिला अध्यक्ष हरपाल भांडवा, रामअवतार शर्मा और महासचिव राधेश्याम ने आरोप लगाया कि खरीफ और रबी सीजन में हर वर्ष खाद की कृत्रिम किल्लत पैदा हो जाती है। इससे किसानों को घंटों कतारों में लगना पड़ता है और कई बार महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ता है। किसानों ने कहा कि डीएपी उपलब्ध नहीं होने से खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है, जिसका असर उत्पादन पर भी पड़ सकता है। उन्होंने मांग की कि सीजन शुरू होने से पहले ही डीएपी का पर्याप्त बफर स्टॉक उपलब्ध कराया जाए।

## कार्यकारी अभियंता को अल्टीमेटम

- हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने की 16 से टूल डाउन की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन शाखा बाढ़ड़ा की बैठक यूनियन के उपमंडल कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष सुमित कादयान ने की। बैठक में विशेष रूप से जिला सचिव बिजेन्द्र कादमा उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव के आदेश की अवहेलना की घोर निंदा की। यूनियन ने बताया कि मुख्य सचिव हरियाणा सरकार के पत्र 10 जून में कर्मचारियों के लंबित भत्तों के भुगतान के लिए तुरंत कार्यवाही करने के स्पष्ट आदेश हैं। इसके बावजूद इसके कार्यकारी अभियंता, पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल चरखी दादरी ने 16 जून में 17 महीने से बकाया साबुन, डांगरी, वाशिंग भत्ता, रिस्क भत्ता आदि के भुगतान के लिए तीन महीने का समय मांगा है। बैठक में वरिष्ठ उपप्रधान प्रताप शर्मा, जयभगवान शर्मा, रामचन्द्र बिलावल, चेयरमैन ओमप्रकाश बडराई, राजेश कादमा, बिजेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र हड़ौदा, योगेन्द्र व कृष्ण बिलावल आदि मौजूद रहे।



बाढ़ड़ा। जनस्वास्थ्य कार्यालय पर बैठक में भागीदारी करते कर्मचारी।

### डाला था रिमाइंडर

यूनियन इसे मुख्य सचिव के आदेश की सीधी अवहेलना मानती है। प्रधान सुमित कादयान ने कहा कि यूनियन ने विभाग के पोर्टल पर रिमाइंडर डाला था। कार्यकारी अभियंता ने पत्र यूनियन को भेज दिया, पर जानबूझकर पोर्टल पर अपलोड नहीं किया, ताकि कर्मचारी असंतुष्ट की कार्रवाई न कर सकें, ये सरकार व कर्मचारियों के साथ धोखा है। बैठक में कार्यकारी अभियंता को चेतावनी दी कि 16 जुलाई तक 17 महीने का समस्त बकाया भुगतान सूद समेत किया जाए। सभी कर्मचारी एक जुलाई से 15 जुलाई तक काली पट्टी बांध कर रोष प्रकट करेंगे तथा 16 जुलाई से अनिश्चितकालीन टूल डाउन की घोषणा करनी पड़ रही है।

## संत कबीर का सरकारी किताबों में व्याख्यान : राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

- गांव कैरू की चौपाल में सोमवार संध्या को आध्यात्मिक संत कबीर दास की जयंती मनाई

गांव कैरू स्थित भगत पाना चौपाल में सोमवार संध्या को आध्यात्मिक संत कबीर दास की जयंती मनाई गई। डा. आंबेड़कर एकता मंच व ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि सुभाष रंगा व बीडीसी प्रतिनिधि राजेश ने शिरकत की। संत कबीर की प्रतिमा पर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। भजन कीर्तन पार्टी राजबीर व बीर सिंह ने संत कबीर दास व संत रविदास महाराज के बनाए हुए भजनों की प्रस्तुति दी। बिजली विभाग के जेई राजकुमार, गुलशन निरंकारी देवराला व मा. नरेश आर्य ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने उदगार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संत कबीर का जीवन आध्यात्मिक मार्ग पर रहा। उन्होंने परमात्मा को इस तरह से पाया कि अंग संग अविनाशी स्वामी के दर्शन होते थे। भक्ति जीवन में संत कबीर का सरकारी किताबों में व्याख्यान मिलता है। कबीर ने हमेशा अपने आप को दास (चरणधूल) समझ कर उच्चकोटि संतपदवी प्राप्त की। उनका मार्ग दर्शन हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर लिपिक नरेश, दीपक बेलदार व पवन मिस्त्री, सोमबीर, जयबीर व पेवराज आदि उपस्थित रहे।



तोशाम। आयोजित कार्यक्रम में संत कबीर दास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए।

## मा. लीलाराम वर्मा को किया सम्मानित

- टोबैको फ्री जेनरेशन प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाणी गंगा बिशन को मिला था देशभर में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

उपमंडल के गांव ढाणी लक्ष्मण के राजकीय प्राथमिक पाठशाला के शिक्षक मा. लीलाराम वर्मा को उनकी बेहतर सेवाओं के लिए पीर बाबा कमेटी और गांव के गणमान्य लोगों ने सम्मानित किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि मा. लीलाराम वर्मा के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में विद्यालय में शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार हुआ है और विद्यार्थियों में निपुणता बढ़ने के लिए साथ विद्यालय परिसर का काफी सुधार हुआ है। बता दें कि गत 29 मई को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित टोबैको फ्री एजुकेशनल इंस्टिट्यूट -टोबैको फ्री जेनरेशन प्रतियोगिता में राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाणी गंगा बिशन के विद्यार्थियों ने शिक्षक लीलाराम वर्मा के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुई देश भर से 17000 स्कूलों तथा 28 लाख विद्यार्थियों को पछाड़ते हुए टोबैको फ्री एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के प्राइमरी वर्ग में नेशनल लेवल पर प्रथम स्थान हासिल किया था। जिसके लिए लीलाराम वर्मा और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिल्ली में सम्मानित किया गया था।



लोहारू। गांव ढाणी गंगा बिशन के मा. लीलाराम वर्मा को सम्मानित करते हुए ग्रामीण।

## खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़ शिक्षा विभाग से सेवानिवृत

# शिक्षा अधिकारियों व शिक्षकों ने बीईओ डॉ. अनिल गौड़ को सम्मानित कर दी विदाई

- जाट धर्मशाला में बीईओ डॉ. अनिल गौड़ की विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

शिक्षा विभाग में 35 वर्षों की सेवा उपरांत मंगलवार को डॉ. अनिल गौड़ खंड शिक्षा अधिकारी पद से सेवानिवृत हो गए। बीईओ डॉ. अनिल गौड़ की सेवानिवृति पर जाट धर्मशाला में विदाई समारोह का आयोजन किया। विदाई समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार जिंदल, जिला परियोजना संयोजक शिवकुमार तंवर, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र कुमार, प्राचार्यों व शिक्षकों ने बीईओ डॉ. अनिल गौड़ को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. अनिल गौड़ ने 35 वर्ष तक बतौर शिक्षा विभाग में प्रवक्ता, प्राचार्य, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में असिस्टेंट डायरेक्टर व खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी। उल्लेखनीय हैं कि बीईओ डॉ. अनिल गौड़ ने 35 वर्षों तक शिक्षा विभाग में अपनी सेवा दी। उन्होंने शिक्षा विभाग में प्रवक्ता, प्राचार्य, शिक्षा बोर्ड में असिस्टेंट डायरेक्टर व खंड शिक्षा अधिकारी पद पर अपनी सेवाएं दी।



भिवानी। बीईओ डॉ. अनिल गौड़ को सेवानिवृति पर सम्मानित करती डीईओ डॉ. निर्मल दहिया, डीईईओ विनय जिंदल, डीपीसी शिवकुमार तंवर, प्राचार्य व शिक्षक।

### बोर्ड परिणामों में उल्लेखनीय प्रगति की

डॉ. गौड़ ने अपने कार्यकाल में शिक्षा के उन्नयन, स्कूलों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, पीएमश्री योजना, निपुण भारत मिशन व डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने में सराहनीय योगदान दिया। उनके नेतृत्व में शैक्षणिक गुणवत्ता सूचकांक, नामांकन वृद्धि व बोर्ड परिणामों में उल्लेखनीय प्रगति की। विदाई समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. निर्मल दहिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार जिंदल, जिला परियोजना संयोजक शिवकुमार तंवर, उप जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र कुमार, डॉ. अनिल गौड़ की पत्नी डॉ. कांता गौड़, बेटा आशुतोष गौड़ सहित परिवार के अनेक सदस्य मौजूद रहे। समारोह में मंच संचालन प्रवक्ता डॉ. मनोज शर्मा ने किया। डीईओ डॉ. निर्मल दहिय ने कहा कि बीईओ डॉ. अनिल गौड़ का कार्यकाल सराहनीय रहा।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्राचार्या सीमा तकेजा, प्राचार्या सीमा काठपालिया, प्राचार्या रीमा परमार, प्राचार्य युद्धबीर सिंह, प्राचार्य विवेक अदलखा, प्राचार्य पवन शास्त्री, प्राचार्य भगत सिंह कोठारी, प्राचार्य आनंद शर्मा, प्राचार्य सुदर्शन, प्रवक्ता प्रवेश गौत्तम, अनिल हलवासिया, राजेश शर्मा, हैड मास्टर संजीव शर्मा, हेमंत शर्मा, कुसुमलत्ता, जगदीश, सतेंद्र कुमारी आदि मौजूद रहे।



## शिक्षा बोर्ड के दो अधिकारी सेवानिवृत्त चेयरमैन धूपड़ ने किया सम्मानित

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अधीक्षक प्रदीप कुमार व अधीक्षक राजेन्द्र प्रसाद शर्मा अपनी उत्कृष्ट सेवाओं को पूर्ण करने के उपरांत मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। बोर्ड चेयरमैन शंकरलाल धूपड़ ने दोनों अधिकारियों को सेवानिवृति पर शुभकमनाएं देते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि अधीक्षक प्रदीप कुमार ने 35 वर्ष दो महीने 26 दिन तथा अधीक्षक राजेन्द्र प्रसाद शर्मा ने 33 वर्ष तीन महीने तक बोर्ड में अपनी सेवाएं दी। धूपड़ ने सेवानिवृत दोनों अधिकारियों को उनके कार्य के प्रति समर्पण और लंबी सेवा के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रयासों के फलस्वरूप शिक्षा बोर्ड प्रगति के पथ पर अग्रसर है। शिक्षा बोर्ड के विकास में उनकी निष्ठा और लग्न हमेशा याद रखी जाएगी। उन्होंने दोनों अधिकारियों के उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बोर्ड कर्मी अपनी सक्रिय सहभागिता को बढ़ाते हुए पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा व लगन से कार्य करें। उन्होंने दोनों अधिकारियों को भेंट स्वरूप स्मृति चिह्न व उपहार देकर शिक्षा बोर्ड से सेवानिवृत्ति किया।

GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING 2 Years GNM Pass
GNM 3 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
ANM 2 Years 12th Any Stream No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING 4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933

## खबर संक्षेप

### गणना प्रपत्रों का एप पर डिजिटलीकरण कार्य जारी

**चरखी दादरी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनदीप कौर ने कहा कि जिला में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ वोटर से प्रपत्र वापिस लेते हुए एप पर गणना प्रपत्र के डिजिटलीकरण कार्य में तेजी लाएं। सम्बंधित एआरओ इस कार्य की नियमित मोनिटरिंग करते हुए निर्धारित समयावधि में पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों को अधिक सटीक और अपडेट बनाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### हेरोइन (चिट्टा) बरामदगी मामले में सप्लायर काबू

**बाढ़ड़ा।** पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार के निर्देशन में जिले में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए स्टाफ चरखी दादरी ने तीन युवकों से 10.54 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामदगी मामले में सप्लायर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते रविवार को अपराध शाखा दादरी की टीम गश्त एवं अपराध रोकथाम के दौरान बस अड्डा अटेला पर मौजूद थी।

### कबीरदास की जयंती होगी ऐतिहासिक

**भिवानी।** आगामी 5 जुलाई को भिवानी के पंचायत भवन में होने वाली संत शिरोमणि कबीर दास की जयंती ऐतिहासिक होगी इस जयंती में भिवानी जिले से समाज के अनेक लोग शामिल होंगे आज पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसके अध्यक्षता कर्मचारी नेता रामेश्वर गोलागढ़ ने की इस मौके पर पूर्व जिला पार्षद संत कबीर धानक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अजीत बामला एवं धानक जन कल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष जयंती के मीडिया प्रभारी संदीप खरकिया ने संयुक्त रूप से कहा कि आज की बैठक का मुख्य उद्देश्य 5 जुलाई को जयंती के बारे में शहर के 31 वार्ड एवं गांव गांव जाकर निमंत्रण देने के लिए अलग-अलग से ड्यूटी या लगाई गई।

### मांगों को लेकर अध्यापकों का फूटा गुस्सा

# लघु सचिवालय परिसर के बाहर भूख हड़ताल कर जताया रोष

**शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर रही सरकार, नियमित भर्ती एवं पुरानी पेंशन तुरंत हो बहालः सुमेर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के आह्वान पर मंगलवार को प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत भिवानी सहित सभी जिलों में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में अध्यापकों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ गहरा रोष प्रकट करते हुए एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल की। इस दौरान सैंकड़ों अध्यापक लघु सचिवालय परिसर के सामने इकट्ठा हुए। इसके बाद सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अध्यापक संघ के जिला सचिव सुमेर आर्य, भिवानी ब्लॉक प्रधान संजय गौरीपुर, ब्लॉक सचिव लाजपत जाखड़, राज्य संगठन सचिव सुखदर्शन सहित पांच अध्यापकों को सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठाया। भूख हड़ताल शुरू करने से पहले सकसं के वरिष्ठ नेता सूरजभान जटासरा, अशोक गोयत व शंकर ने आंदोलनकारी अध्यापकों को फूल माला पहनाकर उनके इस संघर्ष का हौंसला बढ़ाया एवं समर्थन किया। धरना स्थल पर अध्यापकों के भारी हुजूम को संबोधित करते हुए जिला सचिव सुमेर आर्य ने सरकार की शिक्षा और कर्मचारी विरोधी नीतियों पर तीखा प्रहार किया।


भिवानी। लघु सचिवालय परिसर के बाहर धरने के दौरान नारेबाजी करते अध्यापक।

#### पुरानी पेंशन बहाली की मांग

अध्यापक नेताओं ने मांग की कि अध्यापकों से गैर-शैक्षणिक कार्य करवाना तुरंत बंद किया जाए, ताकि वे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। वहीं वर्षों पुरानी मांग पुरानी पेंशन बहाली को सरकार तुरंत लागू करें। इसके अलावा अध्यापकों के स्थानांतरण अप्रैल महीने में पूरे किए जाने चाहिए, ताकि नए सत्र की शुरुआत से ही बच्चों को शिक्षक मिल सकें। पूरी व्यवस्था का व्यावहारिक रेशनलाइजेशन होना बेहद जरूरी है। नेताओं ने साफ किया कि ये महज एक सांकेतिक प्रदर्शन था, सरकार ने उनकी जायज मांगों को नजरअंदाज किया तो आने वाले समय में प्रदेश स्तर पर बड़ा एवं निर्णायक आंदोलन छेड़ा जाएगा। इस अवसर पर राज्य सचिव महेंद्र सिंह, लोहारू से अनिल डंडवाल, राजेश, मुकेश, सतीश, नरेश आदि मौजूद रहे।


भिवानी। धरने को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो: हरिभूमि

### निजीकरण और दमनकारी नीतियों के खिलाफ भिवानी में बिजली कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

- 2 जुलाई को मंत्री आवास का घेराव व 29-30 सितंबर को होगी पूर्ण हड़ताल : बल्लू बामला

**भिवानी।** सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों, बिजली क्षेत्र के निजीकरण की साजिश और लंबित मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों का आक्रोश अब सातवें आसमान पर पहुंच गया है। हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्करज यूनियन हैड ऑफिस संबद्ध हरियाणा कर्मचारी महासंघ के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मंगलवार को सर्कल स्तर पर धरना प्रदर्शन किया गया। इसी कड़ी में भिवानी में कर्मचारियों ने हांसी रोड़ स्थित एससी कार्यालय पर धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन के सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला ने की तथा मंच का संचालन सिटी यूनिट के सचिव राजकुमार जटासरा द्वारा किया गया।


भिवानी। श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेकते सिक्ख समाज के लोग।

## श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब बहादुरी एवं त्याग के प्रतीकः मुख्य ग्रंथी

- गुरु साहिब ने मानवता की सेवा, धार्मिक स्वतंत्रता, धर्म निरपेक्षता एवं आपसी भाईचारे का दिया संदेश
- सिखों के छठे गुरू हरगोबिन्द साहिब का धूमधाम से मनाया प्रकाश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गुरुद्वारा सिंह सभा घंटाघर में संगत द्वारा सिखों के छठे गुरु श्रीगुरू हरगोबिंद साहिब का प्रकाश उत्सव श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर श्रीसुखमनी साहिब के पाठ के भोग डाले एवं गुरू का अटूट लंगर बरताया। लंगर में विशेष रूप से मिस्सी रोटी, लस्सी, मीठी चटनी, आम व प्याज की सब्जी का प्रसाद संगत को वितरित किया। गुरुद्वारा सिंह सभा के मुख्य ग्रंथी भाई प्रेमसिंह ने गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से संगत को गुरू साहिब के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। मुख्य ग्रंथी प्रेमसिंह ने बताया कि श्रीगुरु हरगोबिंद साहिब का जन्म वर्ष 1595 में गांव वडाली में सिखों के पांचवें गुरू श्रीगुरु अर्जुन देव के घर हुआ था। मात्र 11 वर्ष की आयु में उन्होंने गुरू गद्दी संभाली और गुरू साहिब ने मीरी एवं पीरी के प्रतीक स्वरूप दो तलवारे धारण की। पीरी आध्यात्मिक शक्ति तथा मीरी सांसारिक एवं न्याय की रक्षा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि गुरू हरगोबिंद साहिब ने सिखों में आत्मविश्वास, साहस एवं संगठन की भावना का संचार किया तथा धर्म एवं मानवता की रक्षा के लिए अनेक युद्ध लड़े। गुरू साहिब ने श्रीअकाल तख्त साहिब की स्थापना की।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में पाठ, कीर्तन एवं लंगर का आयोजन किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान इंद्रमोहन सिंह, भरत कामरा, केएल बतरा, बलविंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, गुरशरण सिंह, अवतार सिंह, कुलदीप सिंह, गुरदीप सिंह, शकुंतला व अमरजीत कौर आदि उपस्थित रही।

## यूनियन ने कर्मचारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बीएंडआर कार्यालय परिसर में मंगलवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ ने सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया। समारोह विभाग के दो समर्पित कर्मचारी वृत कार्यालय से गंगाराम व भूमि अधिग्रहण कार्यालय से विरेन्द्र की सेवानिवृत्ति और विदाई के उपलक्ष्य में हुआ। कार्यक्रम में विभाग के आला अधिकारियों एवं यूनियन पदाधिकारियों ने शिरकत कर दोनों कर्मचारियों के उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का शुभारंभ मुख्यतिथि अधीक्षक अभियंता पंकज गौड़, विशिष्ट अतिथि कार्यकारी अभियंता लोकेश डागर व अन्य अतिथियों ने महापुरुषों के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया।


भिवानी। सेवानिवृति पर कर्मचारी को सम्मानित करते हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी।

## मांगों को लेकर कर्मचारियों में भारी आक्रोश

- हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के कर्मचारियों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सरकारी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ एक बार फिर से मोर्चा खुल गया है। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने सरकार की दमनकारी और टालमटोल की नीतियों के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। मंगलवार को महम रोड स्थित बड़ चौक पर यूनियन कार्यालय में जिला कार्यकारिणी की मीटिंग संपन्न हुई। बैठक में मौजूद सैंकड़ों कर्मचारियों के चेहरों पर सरकार के प्रति तीखा आक्रोश देखने को मिला।


भिवानी। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बैठक को संबोधित करते वक्ता। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

जिला प्रधान अनिल बागड़ी और सचिव सोमबीर पालुवास ने बताया कि 4 जुलाई के इस महा-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सभी कमेटियों को जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। इस अवसर पर राजकुमार चांग, प्रवीण बडेसरा, जोगेंद्र मास्टर, मोहित कौशिक, जगदीप फौगाट, प्रीतम बापोड़ा, नरेश, सत्यपाल, प्रमोद राठी, प्रदीप दलाल, अमित परमार, बिजेंद्र सांगवान, कृष्ण मुरारी, संदीप सिहाग, आशुतोष, रोहित, प्रदीप सांगा, रोशनलाल, कैलाश, जितेन्द्र, अजय व सुरेश आदि मौजूद रहे।

### काली फिल्म लगी गाड़ियों के खिलाफ अभियान चलाया



**बहल।** अपराध पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से बहल पुलिस ने काली फिल्म लगी गाड़ियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान आवश्यक दस्तावेज नहीं मिलने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान किए गए, जबकि कई वाहनों को इंपाउंड भी किया गया। थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुधिवास रोड नाका, नांगल नाका, राजगढ़ मोड़, मुख्य बाजार, झुप्पा रोड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## प्रगतिशील किसानों को लेकर बस रवाना

- देशव्यापी खेत बचाओ अभियान का बावल में हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

देशभर में एक जून से चल रहे खेत बचाओ अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर 30 जून को बावल स्थित क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में समापन समारोह आयोजित हुआ। समापन समारोह के लिए मंगलवार सुबह भिवानी से प्रगतिशील किसानों को लेकर बसें अनुसंधान केंद्र बावल के लिए रवाना हुईं। कृषि विज्ञान केंद्र भिवानी के वरिष्ठ संयोजक डॉ. रविंद्र सिंह ढिल्लो ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र भिवानी से किसानों को लेकर दो बसें बावल के लिए रवाना हुई। पहली बस के प्रभारी डॉ. ममता फौगाट एवं डॉ. रविंद्र दुहन तथा दूसरी बस के प्रभारी डॉ. योगिता एवं डॉ. करिश्मा नंदा को प्रभारी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा एक कृषि प्रधान राज्य है और इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन की मेजबानी करना प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि जिले के अनके किसान और आमजन समापन समारोह में शामिल हुए। समापन समारोह में आधुनिक कृषि तकनीकों, कृषि उपकरणों एवं उन्नत फसलों की प्रदर्शनी लगाई गई।


भिवानी। प्रगतिशील किसानों के जत्थे को रवाना करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### आंधी में गिरे शीशम के पेड़ को दिया नया जीवन

**भिवानी।** पेड़ बचाओगे तभी सुखी रह पाओगे इस प्रेरणादायक एवं पर्यावरण-हितैषी संदेश के साथ भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति और सीनियर सिटीजन क्लब के सदस्यों ने शहर में संरक्षण की अनूठी मिसाल पेश की है। सेक्टर-13 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब परिसर में करीब 10 दिन पहले आए आंधी-तूफान के कारण विशाल लगभग 15 वर्ष पुराना शीशम का पेड़ जड़ से उखड़कर गिर गया था। समिति व क्लब के सदस्यों ने अपनी कड़ी मेहनत एवं सामूहिक सहयोग से गिरे पेड़ को दोबारा सीधा खड़ा करके उसे पुनर्जीवित करने का ऐतिहासिक प्रयास किया है।

**हरिभूमि ने प्राथमिकता से समस्या को किया था प्रकाशित**

## सिंचाई विभाग ने बवानीखेड़ा माइनर से हटाई अवरोधक दीवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा सिंचाई विभाग द्वारा बवानीखेड़ा माइनर में बनी अवरोधक दीवार को हटाने की कार्रवाई किए जाने पर क्षेत्र के किसानों ने खुशी व्यक्त की है। किसानों ने इस समस्या को पूरी निष्ठा से हरिभूमि समाचार में प्रकाशित करने पर आभार व्यक्त किया।

किसानों का कहना है कि लंबे समय से इस दीवार के कारण नहर के पानी के प्रवाह में बाधा उत्पन्न हो रही थी, जिससे सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। विभाग की कार्रवाई से अब पानी का प्रवाह सुचारु होने की उम्मीद जगी है। मौके पर सिंचाई विभाग की टीम ने आवश्यक मशीनरी और कर्मचारियों की मदद से दीवार को हटाने का कार्य पूरा किया। किसानों में संजय, संदीप कौशिक, सुरेश पाराशर, जनार्दन, धर्मबीर यादव, लाला माली आदि ने बताया कि इस समस्या को लेकर विभाग के समक्ष लगातार मांग उठाई जा रही थी।


बवानीखेड़ा। बवानीखेड़ा माइनर में दीवार हटाते हुए जेसीबी।

### दीवार निर्माण से माइनर की टेल सहित दस मोरियां हुई निल

# माइनर से दीवार हटवाने की मांग को लेकर तीन गांवों के किसाएन एक्सईन से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बवानीखेड़ा माइनर में 8000 मोगा संख्या पर दीवार निकालने के विरोध में जाटू लोहारी, सुमड़ा खेड़ा व बलियाली गांव के किसान सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता से मिले। किसानों ने बताया कि दीवार की वजह से माइनर के टेल सहित करीब दस मोरियां प्रभावित हुई है। सुंदर नहर में पानी पूरा होने के बावजूद भी माइनर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचा ही नहीं है। ऐसे में उनके खेतों में खरीफ की फसल मुरझाने लगी है। साथ ही जोहड़ व तालाबों में भी पानी खतम हो गया है। इस पर अधिकारी ने उनकी समस्या का समाधान करवाए जाने का भरोसा दिलाया। दूसरी तरफ तीनों गांव के किसानों ने इस मामले में एक राजनेता का हस्तक्षेप का आरोप लगाया है।


भिवानी। माइनर में निकाली गई दीवार को लेकर दोनों पक्ष अपना अपना पक्ष रखते हुए।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राहुल ने बताया कि आज जाटू लोहारी, सुमड़ा खेड़ा व बलियाली के किसान दीवार हटवाने तथा पुर गांव के किसान दीवार रखे जाने की मांग को लेकर मिले थे। दोनों पक्षों को सुना और उनको को बातचीत के लिए एक जगह बैठाया गया। करीब एक घंटे तक दोनों पक्षों की बातचीत हुई,लेकिन सहमति नहीं बनी। बाद में उपरोक्त तीन गांव के किसान दीवार हटवाने की मांग को लेकर पत्र सौंप कर गए है। अब नियम के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

C.R. LAW COLLEGE
RAJGARH ROAD, HISAR
Seth Chhaju Ram (1881-1943)
(Affiliated to GJUS&T, Hisar & Approved by Bar Council of India)
Permanent Recognition (NOC) from Haryana Govt.
ADMISSION OPEN For Academic Session 2026-27
DIRECT ADMISSION ON MERIT BASIS
B.A. LL.B. LAST DATE : 06 JULY 2026 5 YEAR INTEGRATED COURSE AFTER 10+2
LL.B. (Professional) LAST DATE : 30 JULY 2026 3 YEAR DEGREE COURSE AFTER GRADUATION
For General Category Candidates Minimum 45% Marks aggregate and for SC/ST Candidates Minimum 40% Marks aggregate in the qualifying exam (Any Stream)
LL.M. LAST DATE 30 JULY 2026 2 YEAR PROGRAMME
For General Category Candidates Minimum 50% Marks in the aggregate and for SC/ST Candidates Minimum 45% Marks in LL.B.
APPLY ONLINE FOR ADMISSION
www.crlawcollege.com | crlawcollege5@gmail.com | crlawcollegeofficial
Helpline Number: 89508-48988, 9812126302, 9466441636, 01662-254270
Dr. Krishan Kumar Kajal Principal
Sh. Dildar Singh Poonia President, Jat Educational Society, Hisar